संख्या–1197 /81–2–2021–800(106)/2021

प्रेषक,

आर0 पी0 सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 लखनऊ, दिनांक 10 सितम्बर ~~जुलाई~~, 2021

विषय– जनपद सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग में अनपरा रेंज के अन्तर्गत नार्दन कोल फील्ड्स लि0 की बीना परियोजना को बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 आरक्षित वनभूमि का 30 वर्षो के लीज पर हस्तांतरण किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में। (प्रस्ताव सं0–एफ0पी0/यू0पी0/मिन/24551/2017)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0–437/11—एफ0पी0/यू0पी0/मिन/24551/2017, दिनांक 06.08.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्राविधानों के अंतर्गत उल्लंघन के संबंध में आख्या उपलब्ध करायी गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में लीज हस्तांतरण का नियम देख लिया गया है ? के संबंध में प्रस्ताव में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

कृपया प्रकरण से संबंधित समस्त सुसंगत शासनादेशों/नियमों/अधिनियमों के प्राविधानो के अन्तर्गत लीज हस्तांतरण का परीक्षण कर सुसंगत अभिलेखों सहित प्रस्ताव शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
R Singh
(आर0 पी0 सिंह)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट
3. महाप्रबंधक, नार्दन कोल फील्ड्स लि0,बीना परियोजना, बीना–सोनभद्र।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0 पी0 सिंह)
अनु सचिव।

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांक– 867 /11–सी–FP/UP/Min/24551/2017, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 13 ,2021

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित है कि उ0प्र0 शासन द्वारा उपरोक्त आपत्ति का निराकरण कर सूचना/अभिलेख संस्तुति सहित इस कार्यालय को तत्काल तीन प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट को इस आशय से प्रेषित है कि उ0प्र0 शासन द्वारा उपरोक्त आपत्ति का निराकरण कर सूचना/अभिलेख संस्तुति सहित इस कार्यालय को मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से तीन प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0, बीना परियोजना, बीना–सोनभद्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।